an>

Title :Need to make appropriate changes in the rules for issuance of railway Ijjat passes for poor.

प्रो.ए.एस.आर.नायक (महबूबाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का मौका दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं कहना चाहता हूं कि एक ही सरकार में दो तरह का इनकम सर्टिफिकेट पूछा जा रहा है। रेल मंत्रालय ने वर्ष 2009 में इज्जत पास स्टार्ट किया था, लेकिन आज किसी भी गरीब व्यक्ति को वह इज्जत पास नहीं मिल रहा, क्योंकि जिस आदमी की मिनिमम इनकम 18 हजार रुपये होगी, उसे ही इज्जत पास मिलेगा। दूसरी तरफ सरकार एम.एन.आर.ईजी.ए. स्कीम के तहत गरीब लोगों को सौ दिन के रोजगार के लिए 190 रुपये देती है। अगर वह उन्हें 150 दिनों का रोजगार देती है, तो उस हिसाब से उनकी इनकम 28,500 रुपये प्रतिवÂर्ष होती है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि जब आप गरीबों को मिनिमम वेजेज 28,500 रुपये दे रहे हैं, तो उन्हें 18 हजार रुपये में इज्जत पास कैसे मिलेगा, मैं इस तरफ रेल मंत्री जी का ध्यान आकृÂट करना चाहता हूं?